बिहार सरकार
<u>विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग</u>

पत्रांक:–वि० प्रा० (VI) क्रेडिट कार्ड-01/2020 1698 /पटना, दिनांक – 29.6.2020

प्रेषक,

निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य,
सभी राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान
बिहार।

विषय:– **राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों / पोलिटेकनिक संस्थानों में सभी छात्रों के पास आधुनिक सॉफ्टवेयर लोडेड लैपटॉप अनिवार्य रूप से होने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि तकनीकी क्षेत्र में प्रतिदिन हो रहे सतत् विकास एवं आमूलचूल परिवर्तन तथा नयी तकनीक से सभी अभियंत्रण एवं पोलिटेकनिक के छात्रों को अवगत रहने हेतु कम्प्यूटर का समुचित ज्ञान आवश्यक है। Covid-19 के दौरान Online पठन–पाठन एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता वृहत् रूप से परिलक्षित हुई है एवं भविष्य में भी प्रशिक्षण एवं सूचना–ज्ञान आदि के व्यापंक प्रसार हेतु लगातार Online माध्यम के उपयोग की आवश्यकता होगी। यह भी पाया गया है कि कई छात्रों के पास व्यक्तिगत कम्प्यूटर सिस्टम / लैपटॉप आदि के अभाव में Online माध्यम से प्रशिक्षण के प्रभावशाली प्रसार नहीं हो पा रहा है, जिससे गुणवतापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में कई छात्र अन्य छात्रों की तुलना में पिछड़ जा रहे है। ऑनलाईन पठन–पाठन एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की **जानकारी छात्रों को रखने हेतु सभी छात्रों के पास लैपटॉप होना आवश्यक है अन्यथा आधुनिक युग में पढ़ाई एवं समावेशी विकास में वे पिछड़ जायेगें।**

अतएव प्राचार्य एवं सभी संकाय को निर्देश दिया जाता है कि संस्थान के सभी छात्रों को लैपटॉप क्रय करवाना सुनिश्चित करेंगें। यदि छात्र लैपटॉप खरीदने में असमर्थ हैं, उन्हें Student credit Card योजना के माध्यम से लैपटॉप क्रय कराने की व्यवस्था की जाय। लैपटॉप क्रय की स्थिति की जानकारी के लिए सभी प्राचार्य निम्नलिखित Google Form को प्रत्येक सप्ताह भरना एवं अपडेट करना सुनिश्चित करेंगें। ज्ञातव्य हो कि Online पठन पाठन हेतु विभिन्न शिक्षकों द्वारा Whatsapp Group का संचालन किया जा रहा है। इस पत्र को सभी Group में प्रचारित करें तथा छात्रों को लैपटॉप क्रय करने हेतु प्रेरित करें। विभाग द्वारा भी इस विषय पर समीक्षा की जाएगी कि कितने छात्रों को प्रोत्साहन द्वारा लैपटॉप क्रय कराया गया है। इस कार्य हेतु सभी शिक्षकों, HOD एवं प्राचार्य की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। COVID-19 की स्थिति को देखते हुए यह भी संभव है कि भविष्य में Online माध्यम से अगले सेमेस्टर की भी शिक्षा जारी रखी जाय। अतः प्राचार्य शत प्रतिशत छात्रों को लैपटॉप क्रय कराना सुनिश्चित करेंगें।

Google Form :- https://forms.gle/Jw9jif4qvWZz12q28

विश्वासभाजन,
29.06.2020
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।